सेवा में,

माननीय जनपद न्यायाधीश,

मेरठ।

महोदय,

आज दिनांक 09.03.2022 को जनपद न्यायालय परिसर में स्थित चौदह न्यायालय भवन में कचहरी परिसर में स्थित अस्थायी दुकानों के लाईसेन्सों की ब्रिकी की नीलामी की प्रक्रिया वर्ष 2022–2023 के लिये सम्पादित करायी गयी। उक्त प्रक्रिया में नीलाम समिति के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित हुये।

आज की प्रक्रिया को सम्पादित कराने हेतु नीलामी का विस्तृत विज्ञापन माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय मेरठ की बेवसाईट पर अपलोड कराया गया तथा समाचार पत्र में सूचना नीलामी प्रकाशित कराते हुये विभिन्न कार्यालयों के नोटिस बोर्डों पर भी सूचना चस्पा करायी गयी।

नीलाम प्रक्रिया में निम्न व्यक्तियों द्वारा भाग लिया गया।

क्रमांक	व्यक्ति का नाम	दुकान सं0
1	श्री गौतम कुमार	06
2	श्री अंकुर रस्तौगी	09
3	श्री रमाकान्त	10
4	श्री दीपक	12
5	श्री देवेन्द्र कुमार	15
6	श्री मौहम्मद आमिर	17
7	श्री संजय कश्यप	22
8	श्री श्याम चौरासिया	24
9	श्री विपिन कुमार	26
10	श्री नवीन कुमार	27
11	श्री प्रवीन कुमार	31
12	श्री सुखवीर सिंह	35

चूंकि प्रत्येक दुकान पर एक ही व्यक्ति बोली लगाने के लिये उपस्थित आया। उक्त परिस्थिति में अधिकाधिक राजस्व वसूली को दृष्टिगत रखते हुये दुकानों की नीलामी कराया जाना सम्भव नहीं है।

अतः समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह राय व्यक्त की गयी है कि जनपद न्यायालय मेरठ परिसर में स्थित विभिन्न दुकानों की नीलामी हेतु अन्य तिथि नियत की जाये। यदि माननीय महोदय उचित समझे तो उक्त प्रक्रिया दिनांक 15.03.2022 को सम्पन्न करायी जा सकती है।

तद्नुसार समिति की आख्या माननीय जनपद न्यायाधीश को अनुमोदनार्थ प्रेषित की जा रही है।

D. N. Goswami

(देवेन्द्र नाथ गोस्वामी)
सदस्य, नीलामी समिति/
सिविल जज (सी0डि0),
मेरठ

(सुरेश चन्द–द्वितीय)
सदस्य, नीलामी समिति/
अपर जिला न्यायाधीश,
न्यायालय सं0–03, मेरठ

(फूलचन्द पटेल)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला न्यायाधीश,
न्यायालय सं0–01, मेरठ

Approved
11/3/22

DISTRICT JUDGE
MEERUT

नीलामी–सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2022–2023 के लिये जनपद न्यायालय परिसर मेरठ में स्थित दुकानों जिसमें स्टेशनरी, फोटोस्टेट, जलपान, भोजन, फलो की चाट, पान इत्यादि का कार्य किया जा सकता है, के स्थान की नीलामी दिनांक 15.03.2022 को प्रातः 10:30 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में स्थित चौदह न्यायालय भवन के सभागार में होगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित दिनांक, समय तथा स्थान पर नीलामी कार्यवाही में भाग ले सकते हैं। नीलामी की नियम व शर्ते तथा दुकानों पर किये जाने वाले कार्य नोटिस बोर्ड, नजारत अनुभाग तथा नीलामी स्थल पर देखें जा सकते हैं।

(राजीव कौशिक)
केन्द्रीय नाजिर,
जनपद न्यायालय, मेरठ।
CENTRAL NAZIR
CIVIL COURT
MEERUT